06/01/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाख रिफाइनरी में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड की रेजिड्यू अपग्रेडेशन फैसिलिटी के सफल कमीशनिंग की सराहना की है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अत्याधुनिक परियोजना देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को मजबूत करती है और आत्मनिर्भर भारत के विज़न के अनुरूप है। उन्होंने इसे भारत की ऊर्जा सुरक्षा और स्वावलंबन की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. पारनाइक ने आज ईटानगर स्थित लोक भवन में राज्य के युवा नेताओं के साथ के बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित होने वाले उनतीसवें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए युवाओं को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश और वैश्विक मंचों पर अरुणाचल प्रदेश की एक सकारात्मक, आत्मविश्वासी और प्रगतिशील छवि प्रस्तुत करें।

राज्यपाल ने युवाओं को विकसित भारत - रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 के बारे में भी जानकारी प्रदान की। उन्होंने इसे ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी सुधार बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विज़न के अनुरूप है और गांवों को उत्पादकता, आत्मनिर्भरता तथा समावेशी विकास के केंद्रों में बदलने की अपार क्षमता रखती है। इससे पहले, राज्य सरकार के युवा मामलों के सचिव आबू तायेङ ने राज्यपाल को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उद्देश्यों, गतिविधियों और व्यापक दृष्टिकोण का परिचय दिया।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने कहा कि राज्य सरकार ने लादा–सार्ली सीमांत राजमार्ग से जुड़े भूमि मुआवजा मामले की पुनः समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है और इस संबंध में मामला पहले ही भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यानी एंटी-करप्शन ब्यूरो में दर्ज किया जा चुका है। सीबीआई या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच की मांगों पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने ईटानगर स्थित भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विधिसम्मत जांच के बाद दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो जैसी केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र संस्थाएं हैं और राज्य सरकार उन्हें किसी मामले की जांच अपने हाथ में लेने का निर्देश नहीं दे सकती।

000000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चोउना मेन ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार की उजाला योजना ने पिछले 11 वर्षों में देशभर के लाखों लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाए है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एलईडी तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाने से बिजली की खपत घटी है, घरेलू बिजली बिल कम हुए हैं और नागरिकों की उल्लेखनीय आर्थिक बचत हुई है। श्री मेन ने कहा कि इस योजना से कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है, जिससे पर्यावरण को भी लाभ पहुचा है।

000000000000000000000000

राज्य के मत्स्य पालन मंत्री गेब्रियल डी वांगसू ने पहाड़ी और सीमावर्ती राज्यों में शीत-जल मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष नीति की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। हैदराबाद में राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड की 12वीं गवर्निंग बॉडी बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने मिशन अमृत सरोवर को मत्स्य गतिविधियों से जोड़ने के प्रस्ताव का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इससे अंतर्देशीय मछली उत्पादन बढ़ेगा और ग्रामीण समुदायों के लिए अतिरिक्त आय के अवसर भी पैदा होंगे।

000000000000000000000000

राज्यभर में तागिन समुदाय द्वारा सी-दोन्यी हिलो पर्व पारंपरिक उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। राज्य के विभिन्न जिलों जैसे दापोरिजो, नाचो, तालिहा, दुम्पोरिजो, ईटानगर, आलो, मेचुका पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और अनुष्ठान संपन्न हुए। दापोरिजो में आयोजित समारोह में भाग लेते हुए विधायक जिके ताको ने सांस्कृतिक संरक्षण और परंपराओं को सहेजने के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं, नाहरलगुन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के गृह एवं स्वदेशी मामलों के मंत्री मामा नतुंग ने शिरकत की।

000000000000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड - CBSE ने परीक्षा-संबंधी तनाव को दूर करने के लिए आज मनो-सामाजिक परामर्श सहायता सेवा की शुरुआत की है। कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए यह निःशुल्क सेवा आगामी 1 जून तक चलेगी। इसका उद्देश्य छात्रों को 17 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए आत्मविश्वास, संतुलन और मानसिक स्पष्टता के साथ तैयार करना है। छात्र टोल-फ्री नंबर 1800-11-8004 पर कॉल कर हिंदी और अंग्रेज़ी में 24 घंटे सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

000000000000000000000000

देश के प्रमुख चिकित्सा विशेषज्ञों ने एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग और उससे पैदा हो रही एंटीमाइक्रोबियल रेज़िस्टेंस की गंभीर समस्या पर चिंता जताई है। ‘मन की बात’ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोगों से डॉक्टर की सलाह के बिना एंटीबायोटिक लेने से बचने की अपील की थी।

0000000000000000000000000